(d) by when the decisions on the pending proposals are likely to be taken?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI BHAJMAN BEHERA): (a) and (b) Information to the extent available is given in Annexure. [*See* Appendix CLIV, Annexure No. 99].

(c) and (d) The final decision on changes in duties is taken by the Ministry of Finance. Proposals as and when received in my Ministry are examined on merits and suitable recommendations sent thereon to the Ministry of Finance.

बिहार में पकड़ीवर वाडीह कोलियरी में कार्य का पुनः शुरू किया जाना

1994. **श्रीमती कमला सिन्हा:** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या "पकड़ीवर वाडीह कोलियरी" बिहार में हजारीबाग जिले में सी०सी०एल० के अधीन एक राष्ट्रीयकृत कोयला खान है;

(ख) क्या यह सच है कि इसका राष्ट्रीयकरण किए जाने के समय इस कोलियरी में उत्पादन कार्य हो रहा था और उसके बाद सी०सी०एल० ने उत्पादन कार्य बंद कर दिया है जिसके परिणामस्वरूप 15,000 श्रमिक बेकार हो गए हैं, और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस कोलियरी में उत्पादन कार्य कब तक शुरू करने का विचार रखती है और क्या उसमें पहले से कार्यरत सभी श्रमिकों को फिर से काम पर लगा लिया जाएगा?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम०एस० गुरुपदस्वामी): (क) हजारीबाग जिले के बरकागांव के निकट पकड़ीवर वाडीह खान को वर्ष 1973 में देश की अकोककर कोयले की अन्य खानों के साथ राष्ट्रीयकृत किया गया था। उस समय यह खान बंद पड़ी थी।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इस खान में पुनः खनन-क्रियाकलाप शुरू किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

कोयला खानों में प्रदूषित पेय जल

1995. **श्रीमती कमला सिन्हा:** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सी० सी० एल० के अधीन बिहार में भूरकुन्डा, अरगदा, सिरका और स्वांग कोलियरी में रह रहे हजारों श्रमिकों को पोखरिया कोयला खान में जमा प्रदूषित पेय जल पीना पड़ता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त क्षेत्रों में रह रहे कामगार और उनके परिवार प्रदूषित पानी पीने के कारण उदर रोगों, लकवा और कैंसर जैसे रोगों से ग्रसित हो रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन कोयला खानों में पेय जल उपलब्ध कराने के लिए तत्काल क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी): (क) से (ग) सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० की भुरकुंडा, अरगदा, सिरका और स्वांग कोलियरियों में जल आपूर्ति किए जाने के लिए उचित योजना है जिसके द्वारा इन कोलियरियों में कार्यरत श्रमिकों को शुद्ध पेयजल की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की जाती है। प्रबंधकों को इन क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिकों और उनके परिवार के व्यक्तियों को दूषित जल पीने से बीमार होने संबंधी कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई है। किन्तु सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० अपनी विभिन्न कोलियरीज़ में गहरे नलकूप लगाकर पेयजल की आपूर्ति में और वृद्धि करने तथा आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति की विद्यमान योजनाओं में वृद्धि किए जाने की योजना बना रही है।

Enquiry into mishap in the tunnel of Kopili Project

1996. DR. NAGEN SAIKIA: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) what is the result of the enquiry set up to look into the mishap that took place in a tunnel of the Kopili Project; and

(b) whether responsibility has been fixed against some persons; if so, what action has been taken against them?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) and (b) In